तिरंगे गुब्बारों और नौका प्रदर्शन के साथ रामघाट पर गणतंत्र का ऐतिहासिक आयोजन होगा

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में क्षिप्रा तट बनेगा राष्ट्रभक्ति का साक्षी, ग्राउंड पर झांकियां भी निकलेगा, सीएम फहराएंगे तिरंगा

उज्जैन। मोक्षदायिनी मां शिप्रा के पावन तट पर स्थित रामघाट इस बार इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार उज्जैन में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रामघाट क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह वही स्थल है जहां प्रतिवर्ष कार्तिक मेला लगता है रावण दहन होता है और अब सिंहस्थ 2028 की तैयारियां भी तेज़ी से चल रही हैं।

सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शिप्रा घाटों का व्यापक नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। आने वाले समय में लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए यहां पहुंचेंगे, ऐसे में रामघाट सहित आसपास के घाटों को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन होना, उज्जैन के लिए गौरव का विषय है।

झांकियो का निकलेगा कारवां

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। विभिन्न विभागों, स्कूल-कॉलेजों और संस्थाओं द्वारा प्रस्तुतियों के

माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

रिहर्सल में आरपीएफ, बीएसएफ, एसएएफ, जिला पुलिस बल (पुरुष-महिला), होमगार्ड, एनसीसी, सीआरपीएफ बैंड सहित विभिन्न टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। परेड कमांडर प्रशिक्षु आईपीएस काजल सिंह एवं द्वितीय परेड कमांडर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में परेड का अभ्यास किया गया।अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को गार्ड ऑफ ऑनर एवं सलामी दी जाएगी। पूरे आयोजन में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शिप्रा तट, रामघाट और आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। फाइनल रिहर्सल के सफल आयोजन के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि उज्जैन इस बार गणतंत्र दिवस को एक नए, ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह की सबसे बड़ी विशेषता यह रहेगी कि पहली बार डॉग स्क्वाड अपना प्रदर्शन करेगा विशेष रूप से प्रशिक्षित पुलिस डॉग्स द्वारा करतब दिखाए जाएंगे, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके लिए अलग से अभ्यास

तिरंगे गुब्बारे छोड़ेंगे सीएम-फुल ड्रेस रिहर्सल हुई-मिनट 2 मिनट शेड्यूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर तिरंगे गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। विशेष आकर्षण के रूप में शिप्रा नदी में नौकाओं के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें देशभक्ति की झलक दिखाई देगी। शिप्रा तट पर राष्ट्रगान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जनभागीदारी इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएंगी। रामघाट क्षेत्र में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शनिवार को फाइनल फुल ड्रेस रिहर्सल सम्पन्न हुई। रिहर्सल का निरीक्षण कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, अनुशासन और कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर बारीकी से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड सलामी, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, राष्ट्रगान, हर्ष फायर सहित पूरे कार्यक्रम को मिनट-टू-मिनट शेड्यूल के अनुसार अभ्यास कराया गया। रिहर्सल में मुख्यमंत्री की भूमिका निभाते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई, जिससे वास्तविक कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा स्पष्ट हो सकी।

माधव कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रतिभा उत्सव हुआ

उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रतिभा उत्सव परम्परा आयोजित किया गया। स्वामी स्वामी आनंदजीवन दास चेयर के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभा उत्सव के समापन पर स्वामिनारायण आश्रम के महंत आनंद जीवन दास ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री कृष्ण एवं उनके गुरु महर्षि सांदीपनि की यह भूमि है। हम अपने उत्थान के लिए यहां आए हैं। हमारे जीवन का उद्देश्य समाज की सेवा करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के सचिव और उद्भट विद्वान डॉ. विरूपाक्ष जड्डीपाल ने कहा कि यह आप का सौभाग्य है कि यह महाविद्यालय उज्जैन में गुरु सांदीपनि के आश्रम के पास स्थित है। गीतांजलि महाविद्यालय, भोपाल की प्राचार्य डॉ. जयश्री मिश्रा, तुषार पटेल, डॉ. अल्पना उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने भी उद्बोधन दिया। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. नीता तोमर ने व्यक्त किया। डॉ अल्पना उपाध्याय द्वारा स्वागत भाषण दिया। दिनेश मालवीय, नंदिनी दुबे, पायल राठी, साक्षी जाट को सम्मानित कर नगद पुरस्कार दिए गए।

एक नजर में

नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का शुभारंभ आज

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'दिल से कहो अपने मोहन जी है न', नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज रविवार को विद्या भारती भवन, चिंतामन रोड पर किया जायेगा। अभियान के मुख्य संयोजक एवं सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि उज्जैन जिले सहित समूचे क्षेत्र में बढ़ती हृदयाघात की घटनाएं एवं बढ़ते हृदय रोगों की दृष्टि से मुख्यमंत्री की प्रेरणा से उक्त अभियान संपूर्ण जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ डॉ. मोहन यादव के करकमलों से किया जायेगा। इस अभियान में उज्जैन, इंदौर, देवास, भोपाल के 11 अशासकीय अस्पतालों का समूह उज्जैन जिले के 100 से अधिक स्थानों पर शिविरों का आयोजन करेगा। शुभारंभ अवसर पर जिले भर से जुड़े स्वास्थ्य के क्षेत्र में एवं शिविर में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को शिविर हेतु उपयोगी सामग्री का वितरण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर अभियान में सहयोग करने अस्पताल प्रबंधक, संचालकों का सम्मान भी किया जायेगा। कार्यक्रम में डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पारस जैन, संजय अग्रवाल, निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक सतीश मालवीय, विधायक जितेंद्र पंड्या, विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान, बहादुर सिंह चौहान सहित जिले के समस्त जनप्रतिनिधीगण एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

कथा पंडाल स्थल का भूमि पूजन

उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति एवं हिरदेश्वर सामाजिक कल्याण सेवा समिति द्वारा श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचक्रोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल पर 10 दिवसीय शिखर पर कलश स्थापना महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्री शिव शक्ति महायज्ञ का ध्वजारोहण किया गया। समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि 6 फरवरी प्रात: 11 बजे भव्य कलश यात्रा मायावती हनुमान मंदिर सामाजिक न्याय केंद्र परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, क्षीरसागर से कोयला फाटक होती हुई कथा स्थल पर पहुंचेगी। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों का महाप्रसाद भी रखी गई है। संगीतमय शिव महापुराण कथा कथाव्यास वैदिक पं. प्रदीप संजा महाराज के मुखारविंद से 7 फरवरी प्रात: 11 से 2 बजे आरती की जाएगी एवं संगीतमय श्री राम कथा कथाव्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानंद गिरि महाराज के मुखारविंद से 7 फरवरी दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे आरती की जावेगी। साथ ही शिव शक्ति महायज्ञ 11 फरवरी से प्रात: 8 बजे से 11 बजे आरती की जावेगी। अजीत मंगलम ने बताया की उक्त कार्यक्रम हेतु पंडाल स्थल का भूमि पूजन बसंत पंचमी 23 जनवरी प्रात: 10:30 बजे पार्षद रेखा मांगीलाल कड़ेल, दिनेश श्रीवास्तव, रितेश वर्मा, विजय चौहान, रवि राय द्वारा ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया।

हेमू कालानी प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित

उज्जैन। अमर शहीद हेमू कालानी के 83वें बलिदान दिवस पर हेमू कालानी विचार मंच द्वारा सिंधी कॉलोनी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिये दिये उनके बलिदान को याद किया। हेमू कलानी विचार मंच कार्यक्रम संयोजक सुनील नवलानी, सहसंयोजक किशोर बजाज, अशोक बजाज, सुनील मखीजा, हरीश नवलानी, संरक्षक दीपक बेलानी, अरुण रोचवानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी सहित कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद और एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत मौजूद रहे। शुरुआत अतिथियों द्वारा उद्यान में स्थापित अमर शहीद हेमू कालानी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान अमर शहीद गजेंद्र सुर्वे के माता-पिता अशोक कुमार सुर्वे और कल्पना सुर्वे का शाल, श्रीफल व पुष्पमाला से सम्मान किया गया। अतिथियों ने उनके त्याग और योगदान को नमन किया। इस अवसर पर सुरेंद्र मेहर, गजेंद्र खत्री, प्रभुलाल जाटवा, पवन कुमार सिंह, उपायुक्त संजेश गुप्ता, मनोज राजवानी मौजूद रहे।

श्री सिंथेटिक्स कर्मियों की बैठक आज

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस संयोजक एवं श्री सिंथेटिक्स क्रेडिट को आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी के अनुसार आने वाली 27 जनवरी को इंदौर उच्च न्यायालय में राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना की जानकारी देना है एवं 30 जनवरी 2026 को कलकत्ता उच्च न्यायालय में सुनवाई है। न्यायालय में प्रकरणों की जानकारी देना है। इस हेतु आज 25 जनवरी 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे शहीद पार्क, उज्जैन पर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। समस्त कर्मचारियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनावें। बैठक को सफल बनाने की अपील रामचन्द्र चैधरी, अमरसिंह गेहलोत, शिवाजी राव शिंदे, रंजीत बोड़ाना, शीतलप्रसाद राठौर सहित समस्त कार्यकारिणी के लोगों ने बैठक को सफल बनाने की अपील है।

कला की देवी मां सरस्वती की पूजा

उज्जैन। संस्था श्री साईं फाउंडेशन ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा और कार्यक्रमों का आयोजन संस्था पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में संस्था सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर अभय नरवरिया, वरिष्ठ पत्रकार अशोक त्रिपाठी, तरुण चौरसिया, शुभम नरवरिया, तौसीफ शेख, ज्योति सांखला, रीता नरवरिया, शिखा शर्मा, योगिता तिवारी, बबली चौहान, आरती सहित बड़ी संख्या में संस्था सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। जानकारी संस्था सदस्य शिखा शर्मा ने दी।

आरडी गार्डी में रजत जयंती पर एलुमनाई मीट

उज्जैन। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में रजत जयंती अवसर पर एलुमनाई मीट का शुभारंभ शनिवार को अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों, शिक्षकों और वर्तमान विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने पहले दिन के आयोजन को स्मरणीय बना दिया। प्रात: कार्यक्रम की शुरुआत पंजीयन एवं स्वागत से हुई। इसके पश्चात एलुमनाई वॉकाथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों ने संस्थान से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया। कॉलेज, हॉस्टल एवं अस्पताल भ्रमण के माध्यम से प्रतिभागियों को संस्थान की शैक्षणिक, आवासीय एवं चिकित्सकीय प्रगति से अवगत कराया गया। दोपहर सत्र में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक, डीन डॉ. मिलिंद शिरालकर, एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. गौतम भागवत, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. कुमार प्रभाष, संध्या श्रीवास्तव द्वारा स्वागत संबोधन दिए गए। इसके बाद विभिन्न बैचों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें समूह नृत्य, नाट्य प्रस्तुति एवं समूह गीत शामिल रहे। 2001 से 2019 तक के बैचों तथा स्नातकोत्तर बैचों का मंच पर सम्मानपूर्वक परिचय कराया गया। सायंकाल सभी प्रतिभागियों के लिए सामूहिक छायाचित्रण एवं हाई-टी का आयोजन हुआ। रात्रि में मेघदूत रिसॉर्ट में लाइव बैंड, डीजे नाइट एवं सामूहिक भोज के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। यह दिन संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच मजबूत भावनात्मक जुड़ाव का साक्षी बना।

ससुराल से लौट रहे अधेड़ को वाहन ने कुचला

उज्जैन। ससुराल से लौट रहे बाइक सवार अधेड़ को रास्ते में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई। घट्टिया तहसील के ग्राम उज्जैनिया में रहने वाला हाकम पिता ओंकार मालवीय 50 वर्ष का ससुराल नलखेड़ा में है। शुक्रवार को बाइक से वह नलखेड़ा गया था जहां ससुराल में परिवार वालों से मिलने के बाद वापस रात में लौट रहा था। रास्ते में ग्राम आमला और नलखेड़ा के बीच पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल हुए हाकम को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। वही टक्कर मारने वाला चालक वाहन लेकर भाग निकला था। हाकम की हालत गंभीर बनी हुई है मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई है।

यूकोलिप्टिस के 38 पेड़ काटकर चोरी करने वाले गिरफ्तार

उज्जैन। सरकारी जमीन पर लगे यूकोलिप्टिस के 38 पेड़ काटकर चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त आयशर के साथ 50 टन लकड़ी बरामद की गई है।

इंगोरिया थाना क्षेत्र में सरकारी जमीन पर सड़क किनारे लगे यूकोलिप्टिस के 38 पेड़ अज्ञात बदमाशों ने काटकर चोरी कर लिये थे। 20 जनवरी को मामले की जानकारी सामने आई तो नायब तहसीलदार संग्रामसिंह चौधरी टप्पा इंगोरिया ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि मामले में

पेड़ काटकर अज्ञात लकड़ी चोरी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई, 3 दिनों की तलाश के बाद ग्राम मतांगना के रहने वाले शहजाद पिता छोटे खां पठान, भय्यू पिता रसुलअली, सोहेल पिता हाफिज और विक्रम पिता राजाराम को हिरासत में लिया गया। चारों से सख्त पूछताछ में सामने आया कि उन्होने 17 जनवरी की रात पेड़ काटकर आयशर क्रमांक एमपी 13 जीबी 6145 में रख चोरी की थी। पुलिस ने कटे पेड़ों की लकड़ी और आयशर बरामद करने के प्रयास किये। चारों ने शहजाद के खेत में चुराई लकड़ी छुपाकर रखना बताया। पुलिस टीम ने खेत पहुंच कर 50 टन लकड़ी के साथ चोरी में प्रयुक्त आयशर जप्त कर ली।

एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि चोरों का मकसद चुराई लकड़ी बेचकर मुनाफा कमाने का था। उनका अपराधिक रिकार्ड पता करने पर सामने नहीं आया। चारों पहली बार पुलिस की गिरफ्त में आये है। चारों को कोर्ट में में पेश किया था। जहां से जमानत मिलने पर चारों को रिहा किया गया है। बरामद चोरी का मश्रुका 7 लाख कीमत का सामने आया है।

ढाबा संचालक पर 8 से 10 बदमाशों ने किया हमला

उज्जैन। बीती रात ढाबे का पिछला दरवाजा तोड़कर 8 से 10 बदमाश अंदर घुसे और संचालक पर चाकू से हमला कर दिया। चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा हमला करने वालों की तलाश की जा रही है। हीरा मिल की चाल में रहने वाला जसवंत पिता हरि सिंह कुशवाहा 40 वर्ष चिमनगंज थाने से कुछ दूरी पर जस्सू का ढाबा संचालित करता है। रात में 8 से 10 बदमाश ढाबे का पिछला गेट तोड़कर अंदर घुसे और जसवंत पर चाकू और डंडों से हमला कर दिया। जसवंत गंभीर रूप से घायल हो गया मामले की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां जसवंत से पूछताछ में सामने आया कि उसे पर हमला बदमाश छगु बुंदेला और उसके साथियों ने किया है। उसका कहना था कि कल कोर्ट में पुराने मामले को लेकर पेशी थी वह न्यायालय गया था। इस दौरान पेशी पर रोशन भी आया था। जो दोस्त है जिससे उसने मुलाकात की थी। इसी बात को लेकर छगु ने आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि उसके साथ बात मत किया कर वह हमारा दुश्मन है। लेकिन दोस्ती होने पर उसने बात करने को कहा तो उसे पर हमला कर दिया गया। फिलहाल पुलिस घायल के बयान दर्ज कर हमला करने वाले बदमाशों की तलाश कर रही है।

जेठ ने की मारपीट

उज्जैन। पड़ोस में रहने वाले जेठ को लकड़ी लेने से मना किया तो उसने बहू के साथ डंडे से मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में जेठ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। ग्राम उमरिया खाल चिंतामण की रहने वाली रेखा भाई पति विक्रम बोराना 40 साल को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के घायल होने पर पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर पति की शिकायत पर राजेश बोराना के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। घायल रेखा बाई के पति विक्रम ने बताया कि बड़ा भाई राजेश उसके घर के बाहर रखी लड़कियां जलाने के लिए ले जा रहा था जिस पर पत्नी रेखा ने मना किया तो उसने गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की। पूर्व में भी राजेश विवाद कर चुका है। पुलिस के अनुसार बहू के साथ मारपीट करने वाले जेठ की तलाश में दबिश दी गई थी लेकिन वह गांव से फरार होना सामने आया है।

27 कर्मचारियों का नि:शुल्क बीमा करवाया

उज्जैन। भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर, क्षिप्रा गैस एजेंसी पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

24 दिसंबर को भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को सफलता पूर्ण 50 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण भारतवर्ष के वितरकों ने बड़े उत्साह के साथ कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी कड़ी में स्थानीय वितरक मे. क्षिप्रा गैस एजेंसी द्वारा भी अपने पांच पुराने डिलीवरी बायो एवं सबसे पहले पांच उपभोक्ताओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया एवं केक काटकर मिठाइयों का वितरण किया। संस्था के प्रोपराइटर सुनील हुकमचंद कछवाय ने बताया कि कंपनी द्वारा भारत आरोग्य योजना के अंतर्गत 27 कर्मचारियों का नि:शुल्क बीमा करवाया गया जिसमें उन्हें पर्सनल एक्सीडेंट कवरेज, हेल्थ कवरेज, मातृत्व सामान्य प्रसव, आंखों का उपचार, एवं सी सेक्शन आदि योजनाओं का लाभ मिलेगा। उक्त योजना एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ भारत पेट्रोलियम का संबंधता के कारण किया गया। श्री कछवाय ने बताया कि इस अवसर पर कंपनी के उज्जैन सेल्स एरिया के वरिष्ठ विक्रय अधिकारी विजय मीणा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने एजेंसी के सबसे पुराने डिलीवरी बॉय 61 वर्षीय राजेश चौहान से केक कटवाया। मीणा ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी एवं अपने उपभोक्ताओं की अच्छी सेवाएं देने की शपथ भी दिलवाई।

क्रिकेट मैच आज, महिला पुरुष की टीमों के बीच होगा मुकाबला

उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में प्रथम बार महिला पुरुष का क्रिकेट लीग मैच आज ग्लोबल अकैडमी सावेर रोड दो तालाब के पास आयोजित किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि राजेंद्र शाह एवं विशेष अतिथि नितिन शाह के आतिथ्य में मैच आज 25 जनवरी प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। पश्चात अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वारा विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की जाएगी।

टीम 1 ग्रीन रेंजर में कोच विट्ठल नागर - संगीता नागर, कोच राजेंद्र शाह- पारुल शाह, कप्तान - अक्षेश नीमा ऋचा नीमा, हेमंत नागर - वर्तिका नागर, पियूष नागर- रेखा नागर, अमित नागर-दीपा नागर, विशाल नीमा- नूपुर नीमा, विजय जोशी, अनिल गुप्ता- बबीता गुप्ता, नितिन नीमा - चित्रा नीमा, टीम - 2 ब्लू राइडर में कोच- आनंद पुरोहित-मीना पुरोहित, कोच- दीपक राजवानी-हंसा राजवानी, कप्तान - वरुण नागर- मनीषा नागर, सौरभ नीमा -मयुरी नीमा, यश नागर- दिव्यांशी नागर, रितेश चौरसिया - पूजा चौरसिया, दिलीप मित्तल -नीलू मित्तल, हिमांशु दिसावल -ममता दिसावल, रवि राणा- चहेती राणा, सुमित गर्ग - पूनम गर्ग, टीम - यलो वॉरियर्स में कोच- हेतल शाह-पराग शाह, कोच - मनीष नागर - पवित्र नागर, कोच- कामिनी शाह- दिपेश शाह, कप्तान - रितेश नागर- ममता नागर, अर्पित नीमा -प्रीति नीमा, राजेंद्र अग्रवाल- मंजू अग्रवाल, अपूर्व नागर -आरती नागर, रवि श्री माली - ऋतु श्रीमाली, राहुल नागर - पल्लवी नागर, अशोक अग्रवाल - गीता अग्रवाल, अमीश नीमा -कविता नीमा, टीम - ब्लैक पैंथर में कोच - जयेश श्रॉफ - कविता श्रॉफ, कोच - अमर दिसावल-ममता दिसावल, कप्तान - रवि नागर- चेष्टा नागर, करन नागर - साक्षी नागर, नितेश नागर - पिंकी नागर, विश्वास नागर- प्रज्ञा नागर, पंकज अग्रवाल -रूपाली अग्रवाल, अतुल नागर - उन्नति नागर, शैलेंद्र गांधी- रुचि गांधी, आभास शर्मा - लक्ष्मी शर्मा हिस्सा लेंगे।

मंदिर में विशेष | लाल, सफेद, गुलाबी से लेकर कई रंग के, यह 450 से 900 पंखुड़ियों वाले होंगे

महाकाल देश का पहला मंदिर जहां एक साथ खिलेंगे 10 तरह के कमल

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल देश का पहला ऐसा मंदिर होगा जहां एक ही स्थान पर श्रद्धालुओं को एक-दो नहीं बल्कि 10 तरह के कमल के फूल खिलखिलाते हुए नजर आएंगे। इनमें से कई कमल तो ऐसे हैं जो आम जगहों पर नहीं दिखाई देते ये बहुत दुर्लभ माने जाते हैं। महाकाल लोक में यह कमल नजर आएंगे। कमल के लिए बीज लगा दिए गए है और ऐसा माना जा रहा है कि 70 दिन में एक हजार पंखुड़ियों के साथ ये 10 प्रकार के कमल के फूल पूरी तरह से खिल जाएंगे। कमल के फूल विशेषज्ञ इसके लिए विशेष रूप से महाकाल लोक परिसर में पहुंचे थे और उन्होंने उचित स्थान पर पानी के साथ कमल बीज रोपे है। विशेषज्ञ प्रमोद गायकवाड़ ने बताया है कि करीब 150 दिनों तक यह फूल खिले रहेंगे। इस अवसर पर महाकाल मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचन्द जूनवाल भी मौजूद रहे।

पानी में मछलियां भी छोड़ीं, 17 तरह के वाटर लिली भी लगाए

फूल लगाने आए विशेषज्ञ गायकवाड़ ने ही यह भी जानकारी दी कि महाकाल मंदिर देश का पहला ज्योतिर्लिंग होगा, जहां इस प्रकार के 10 दुर्लभ प्रजातियों के कमल के फूल खिलते नजर आएंगे। इस जगह पर उन्होंने पानी में गप्पी और मौली मछलियां छोड़ी हैं, जिससे पानी हमेशा साफ रहेगा। कमल के अलावा उन्होंने 17 प्रजातियों की वाटर लिली भी लगाई है। जिससे मंदिर व महाकाल लोक के सौंदर्यीकरण और अधिक बढ़ जाएगा। वहीं लोग कांचा कमल सफेद रंग का रहेगा, ड्रॉप ब्लड सूर्ख लाल रंग का, विष्णु कमल ऑफ व्हाइट, लक्ष्मी कमल देसी प्रजाति का है। अष्ट दल आठ पंखुड़ियां वाला, कावेरी 850 पंखुड़ियां वाला, रेड पियोनी लाल रंग का 900 पंखुड़ियां वाला, ग्रीन एप्पल कच्चा सेवफल की तरह दिखने वाला, पिंक क्लाउड गुलाबी रंग का 450 पंखुड़ियां वाला होगा।

मंदिर के निर्माण कार्य देखने पहुंचे प्रशासक

उज्जैन। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक मंदिर परिसर व महाकाल लोक में चल रहे निर्माण कार्यों को देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार अफसरों से कहा कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाए तथा इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि आम श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन के दौरान कोई बाधा न आए। प्रशासक कौशिक ने यह भी कहा कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करे। प्रशासक कौशिक ने कहा कि मंदिर में दर्शन मार्ग, प्रवेश व निकासी की व्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान जाए।

करोहन में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम संपन्न

उज्जैन। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम करोहन में किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करोहन एवं चयनित नवांकुर संस्था देवी अवंती का सामाजिक युवा कल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास, सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता लाखन सिंह राठौड़ ने की। साथ ही संस्था अध्यक्ष करुणा शितोले एवं छवि कदम मंचासीन रहे। अरुण

व्यास विकासखंड समन्वयक ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए ग्राम विकास में जनसहभागिता की महत्ता बताई गई। करुणा शितोले कहां की गांव के विकास में हम सब की आम भूमिका है जिसके माध्यम से हम ग्राम विकास के कार्य कर सकें। कार्यक्रम के उपरांत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया एवं प्रतिभावान एवं धार्मिक, सामाजिक,जल संचय क्षेत्र में कार्य वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। जिसमें यशपाल सिंह, नारायण सिंह, आनंद लाल राठौड़, रामलाल प्रजापत, गजेंद्र सिंह राठौड़, यशपाल, योगेंद्र सिंह, शीला प्रजापत, आशा कार्यकर्ता ज्योति बोरासी, सुनीता सोलंकी, अजय राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेक्टर की प्रस्फुटन समिति सदस्य, ग्रामीणजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन यशपाल सिंह राठौड़ ने किया एवं आभार योगेंद्र सिंह सिसौदिया ने माना।